# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–28 जुलाई 2025** **सान्ध्य समाचार**

लोकसभा में आज ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा की गई। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सदन में ऑपरेशन सिंदूर पर दिए अपने वक्तव्य में स्पष्ट किया कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर पर कार्रवाई इसलिए रोकी क्योंकि संघर्ष के पहले और उसके दौरान जो भी राजनीतिक तथा सैन्य लक्ष्य तय किए गए थे उसे हम पूरी तरह से हासिल कर चुके थे।

**भारत ने कार्रवाई इसलिए रोकी क्योंकि कंफ्लीक्ट के पहले और उसके दौरान जो भी पॉलीटिकल और मिलिट्री ऑब्जैक्टिव्स तय किए गए थे उसे हम पूरी तरह से हासिल कर चुके थे, इसलिए यह कहना, यह मानना की ऑपरेशन किसी दबाव में रोका गया, यह बेबुनियाद है और सरासर गलत है।**

इससे पहले, संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान और अन्य मुद्दों को लेकर विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बाद दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी थी।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो अगस्त के वाराणसी के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों की समीक्षा करने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज वाराणसी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने वाराणसी और आजमगढ़ मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ विकास कार्यों को लेकर भी समीक्षा बैठक की। इस बीच, वाराणसी के मंडलायुक्त एस राज लिंगम ने आज पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वाराणसी दौरे के दौरान प्रधानमंत्री दो हजार दो सौ अड़तालिस करोड़ की लागत वाली चौवन विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे।

**इसमें माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा लगभग पंद्रह प्रोजेक्ट छह सौ तीस करोड़ का है, इसका लोकार्पण किया जाएगा। और लगभग अड़तीस प्रोजेक्ट जो सोलह सौ अठारह करोड़ का, उसका शिलान्यास किया जाएगा।**

**********

सावन माह के तीसरे सोमवार के अवसर पर आज प्रदेश भर के शिवालयों में सुबह से श्रद्धालु एवं कांवड़िये जलाभिषेक कर मंगल कामना कर रहे हैं। इस अवसर पर वाराणसी स्थित काशी विश्वनाथ धाम में तड़के से ही शिवभक्तों का जन सैलाब उमड़ा है। मंगला आरती के उपरांत धाम के बाहर मैदागिन एवं गोदौलिया की तरफ पंक्तिबद्ध श्रद्धालुओं पर जिला प्रशासन ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। सावन के तीसरे सोमवार को देखते हुए बाबा का विशेष श्रृंगार भी किया गया। प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में भी श्रद्धालु सरयू में स्नान कर सिद्धपीठ नागेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक कर रहे हैं। इसी क्रम में गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर समेत गाजीपुर, अम्बेडकरनगर और जौनपुर के विभिन्न शिवालयों में भी श्रद्धालुओं की भारी संख्या भगवान शिव को जल चढ़ाने के लिए उमड़ी है।

**********

बाराबंकी जिले में आज तड़के टीन की शेड पर बिजली का तार गिर जाने से मची भगदड़ में दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि करीब दो दर्जन से अधिक श्रद्धालु घायल हो गये। यह दुखद घटना वहां प्राचीन अवसानेश्वर महादेव मंदिर के बाहर हुई, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु सावन के तीसरे सोमवार को दर्शनों के लिए पंक्ति में खड़े थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस दुर्घटना पर गहरा शोक प्रकट करते हुए मृतक श्रद्धालुओं के परिजन को पांच–पांच लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा है कि जिला प्रशासन को घायलों के समुचित उपचार के लिए निर्देशित किया गया है।

**********

आज विश्व हेपेटाइटिस दिवस मनाया जा रहा है। लीवर से जुड़े रोगों के प्रति जनजागरूकता के उद्देश्य से यह दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर अम्बेडकरनगर जिले के राजकीय मेडिकल कॉलेज ने टांडा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर के दौरान हेपेटाइटिस बी, डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों के बारे में लोगों को जागरूक भी किया गया।

**********

कल मनाए जाने वाले नागपंचमी पर्व के उपलक्ष्य में आज गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय सीनियर प्राइज मनी पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता की शुरूआत हुई। प्रदेश सरकार के खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद्र यादव ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस दौरान विभिन्न भार वर्गों में पहलवानों ने दम खम दिखाया। कल प्रतियोगिता का समापन होगा।

**********

प्रदेश के गोरखपुर सहित कई पूर्वी जिलों में आज सुबह से ही रुक रुक कर मध्यम से लेकर तेज वर्षा हो रही है। बारिश के कारण सम्बन्धित इलाकों में आज जनजीवन प्रभावित रहा, हांलाकि लोगों को उमस भरी भीषण गर्मी से राहत मिली है। मौसम विज्ञान विभाग ने प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी जिलों में आगामी दो दिनों तक कहीं कहीं भारी वर्षा और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है।

**********